13. सामान्य अशुद्धियाँ

हिंदी भाषा उच्चारण पर आधारित होती है अर्थात् यह जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी भी जाती है। यदि किसी शब्द का उच्चारण ही गलत किया जाएगा तो उसका लेखन भी स्वतः ही गलत हो जाएगा। अतः प्रारंभ से ही बच्चों के उच्चारण पर ध्यान देना चाहिए। इसी कारण अधिकांशतः भाषा में शब्दों, वाक्यों की सामान्य अशुद्धि पाई जाती है।

- पाठ पृष्ठ पर दिए शुद्ध-अशुद्ध शब्दों में से शिक्षिका/शिक्षक शुद्ध शब्दों का उच्चारण करें तथा बच्चों से भी करवाएँ। तदुपरांत उनका ध्यान शुद्ध वर्तनी की तरफ़ ले जाएँ।
- अशुद्ध शब्दों का उच्चारण बच्चों से न करवाएँ। अशुद्ध शब्द केवल यह दिखाने के लिए दिए गए हैं कि यदि कोई बच्चा इस प्रकार का शब्द रूप लिखता है तो वह अशुद्ध या गलत वर्तनी लिखता है।
- केवल शुद्ध शब्दों के लेखन का बारंबार अभ्यास करवाएँ।
- बच्चों को बताएँ, शब्दों का सही क्रम ही शुद्ध वाक्य बनाता है। अतः अशुद्ध वाक्य बोलें तथा बच्चों से उन्हें शुद्ध करवाएँ।
- सुनिश्चित करें कि बच्चे भली प्रकार पाठ समझ रहे हैं।
- अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।